# टी20 : इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

## जैक्स और रेहान ने पलटी हारी हुई बाजी

**कोलंबो, 27 फरवरी. टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 राउंड के मुकाबले में शुक्रवार को इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया. न्यूजीलैंड से मिले 160 रनों के लक्ष्य को इंग्लैंड ने 3 गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया. अंतिम ओवरों में विल जैक्स ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी के बूते हारी हुई बाजी को पलट दिया.**



न्यूजीलैंड से मिले 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. फिल सॉल्ट महज 2 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने. इसके बाद खराब फॉर्म में चल रहे जोस बटलर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे. दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद कप्तान हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल ने इंग्लैंड की लड़खड़ाती हुई पारी को संभालने का प्रयास किया और तीसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़े. ब्रूक 24 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बेथेल 4 चौकों की मदद से 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे. 58 रनों के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद सैम करन और टॉम बैंटन ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े. करन ने 22 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि बैंटन 3 चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए. 117 रनों के स्कोर पर 6 विकेट गंवाकर इंग्लैंड की टीम मुश्किल में थी और जीत दूर जाती हुई दिख रही थी.

हालांकि, विल जैक्स और रेहान अहमद ने सिर्फ 16 गेंदों में 44 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए इंग्लैंड को 4 विकेट से जीत दिला दी. जैक्स ने सिर्फ 18 गेंदों का सामना करते हुए 32 रनों की नाबाद पारी खेली. विल जैक्स ने पारी के 18वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स के खिलाफ 22 रन बनाए और यहीं से पूरा मुकाबला पलट गया. वहीं, रेहान ने 7 गेंदों में 19 रन बनाए और वह टीम को जीत दिलाकर लौटे.

गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रविंद्र ने 19 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि मैट हेनरी और फिलिप्स ने एक-एक विकेट चटकाया. इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 159 रन बनाए. टीम को टिम सीफर्ट और फिन एलन ने ताबड़तोड़ शुरुआत दी. दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 6.6 ओवर में 64 रन जोड़े. सीफर्ट ने 25 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 35 रन बनाए. वहीं, एलन ने 19 गेंदों में 29 रनों का योगदान दिया।

# ऑस्ट्रेलिया टीम ने भारत को 5 विकेट से हराया

## भारत की हरमनप्रीत कौर ने 70 गेंदों पर 54 रन बनाए

**होबार्ट, 27 फरवरी (वार्ता) गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 101) और फीबी लिचफील्ड (88) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को भारत को 83 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी.**





इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है. भारत के 251 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को काश्वी गौतम ने पांचवें ओवर में एलिसा हीली (नौ) को बोल्ड कर पहला विकेट झटका. इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वॉल ने फीबी लिचफील्ड के साथ दूसरे विकेट के लिये 119 रन जोड़कर अपनी टीम के लिये जीत की नींव रखी. 20वें ओवर में क्रांति गौड़ ने शतक की ओर बढ़ रही फीबी लिचफील्ड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई. फीबी लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 88 रन बनाये.

31वें ओवर में काश्वी गौतम ने शतक बना चुकी जॉर्जिया वॉल को श्री चरणी के हाथों कैच आउट करा दिया. जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 101 रनों की पारी खेली. बेथ मूनी (31) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया. पांचवें विकेट के रूप में ऐनाबेल सदरलैंड (10) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया. ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 36.1 ओवर में पांच विकेट पर 252 बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया. भारत के लिए दीप्ति शर्मा और काश्वी गौतम ने दो-दो विकेट लिये. क्रांति गौड़ ने एक बल्लेबाज को आउट किया.

# कार्तिक ने किया भारत की नई ओपनिंग जोड़ी का समर्थन

**चेन्नई, 27 फरवरी. दिनेश कार्तिक ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ ज़बरदस्त बैटिंग प्रदर्शन के बाद भारत को अपनी नई ओपनिंग जोड़ी के साथ बने रहने का समर्थन किया है, जिससे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ लगभग नॉकआउट की स्थिति बन गई.**



भारत को अपने सभी टॉप छह बैट्समैन का योगदान मिला, जिससे उन्होंने गुरुवार को ज़िम्बाब्वे को हराने के लिए 4 विकेट पर 256 रन बनाए, जो इस एडिशन का सबसे बड़ा और टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है.

अभिषेक शर्मा (55) और संजू सैमसन (24) की नई ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में एक मज़बूत नींव रखी, जिसके बाद ईशान किशन (38) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने रफ़्तार बनाए रखी.

# जम्मू-कश्मीर का चैंपियन बनना पक्का

## रणजी फाइनल का चौथा दिन

**हुबली, 27 फरवरी (वार्ता) जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक से फॉलोऑन न करा कर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और रणजी फाइनल के चौथे दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बना लिये हैं.**

जम्मू-कश्मीर ने इस तरह अपनी कुल बढ़त 477 रन पहुंचा कर खिताब पर पहली बार कब्जा करना पक्का कर लिया है. जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक को पहली पारी में 293 रन पर समेटने के बाद फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया. जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने नाबाद 94 रन बनाये, जबकि अब्दुल समद ने 32, कप्तान पारस डोगरा ने 16 और साहिल लूथरा ने नाबाद 16 रन बनाये.



# भारतीय पहलवान प्रियांशी ने रजत, मुस्कान ने जीता कांस्य

**तिराना (अल्बानिया), 27 फरवरी (वार्ता) भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत और मुस्कान ने मुहामेत मालो 2026 में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन करते**

## 50 किग्रा फ्री स्टाइल वर्ग प्रतियोगिता

**हुए क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते. अंडर-23 एशियन चैंपियन भारतीय पहलवान प्रियांशी प्रजापत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया.**



उन्हें फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की जेनिप बयानोवा से 13-2 से हार का सामना करना पड़ा. यह 21 वर्षीय प्रियांशी का यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की रैंकिंग सीरीज में पहला पदक है. प्रियांशी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एरिन गोल्स्टन को 10-2 से हराया. इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने न्यूट्रल एथलीट वलेरिया तिउकपिकोवा को पिन कर फाइनल में जगह बनाई. शुरुआती मुकाबले में प्रियांशी ने ब्राजील की ओलिवेरिया डी फ्रेइटास को टेक्निकल सुपीरियॉरिटी से मात दी थी. वहीं 19 वर्षीय मुस्कान, जो पूर्व अंडर-17 विश्व चैंपियन हैं उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया. कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने अमेरिका की केंद्रा रयान को 10-0 से हराया. सेमीफाइनल में मुस्कान को जेनिप बयानोवा से 12-1 से हार मिली थी, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए पदक सुनिश्चित किया. यह मुस्कान का इस महीने दूसरा रैंकिंग सीरीज पदक है. इससे पहले उन्होंने जाग्रेब ओपन में कांस्य पदक जीता था. उसी प्रतियोगिता में भारत की नीलम ने 50 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया था.

# ओपन बॉलिंग ट्रॉयल्स में 3500 खिलाड़ी

## डीडीसीए विभिन्न आयु वर्ग व स्किल कैटेगरी में करा रहा ट्रॉयल्स

**नयी दिल्ली, 27 फरवरी. दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने विभिन्न आयु वर्ग और स्किल कैटेगरी चरण में ओपन बॉलिंग ट्रायल्स करा रहा है. इसमें भाग लेने के लिए तीन हजार 500 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया हैं.**



होनहार गेंदबाज की पहचान और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किये जा रहे इस ट्रायल्स के दौरान उम्र के हिसाब से प्रदर्शन देखा जा रहा है, जिसमें तेज गेंदबाजों और स्पिनर्स के लिए अलग-अलग मूल्यांकन सत्र हैं. इस ट्रायल्स में विशेषकर उन खिलाड़ियों के कौशल को परखा जा रहा जिन्हें डीडीसीए लीग मैचों में खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिलता है. यह ट्रायल्स पूर्व विकेटकीपर विजय दहिया की देख रेख में कराया जा रहा है.

# 16 बनाम 61 - कार्तिक और मुकेश का मुकाबला बना खासियत

**ग्रेटर नोएडा.** 16 साल की उम्र में, बहुत टैलेंटेड कार्तिक सिंह ने 'इंडियन गोल्फ के फ्यूचर सुपरस्टार' के टैग को सही साबित करने के लिए काफी सबूत दिए हैं. 61 साल की उम्र में, मुकेश कुमार को पता है कि उनके सुनहरे दिन अब पीछे छूट गए हैं, लेकिन गोल्फ कोर्स पर अपनी आधी उम्र के युवाओं को हराने से ज़्यादा खुशी उन्हें किसी और चीज़ से नहीं मिलती. कार्तिक डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के 72 द लीग में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी हैं, यह एक नया टीम और लीग टूर्नामेंट है जो मंगलवार को क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री रिज़ॉर्ट में शुरू हुआ. मुकेश सबसे बड़े हैं, कार्तिक से लगभग चार गुना बड़े. उम्र में इतने बड़े अंतर के बावजूद, पीजीटीआई कैलेंडर में नए फॉर्मेट के लिए उनमें उत्साह साफ दिख रहा है.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, नर्मदा प्रोजेक्ट कॉलोनी, मुसाखेडी, इंदौर**

ई-मेल eephedind@nic.in

क्रमांक 250 / निविदा / लो.स्वा.यां. खंड / 2026 इंदौर, दिनांक 25.02.2026

**निविदा सूचना क्रं. 12 / 2025-26**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंदौर जिले के विभिन्न विकासखण्डो के ग्रामो में स्थित शासकीय हैण्डपम्पों के 03 वर्षो के लिये संधारण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसका टेण्डर आई.डी. क्रमांक - 2026_PHED_480500_1, 480501_1,एवं 480502_1, है । कार्यो की अनुमानित लागत, धरोहर राशि एवं अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 09.03.2026 दोपहर 03.00 बजे तक निर्धारित है।

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, इंदौर**

G26564/25



**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मंदसौर जिला - मंदसौर (म.प्र.)**

क्रमांक- 780 / 2026 मंदसौर, दिनांक 26/02/2026

**!! MIG & LIG भूखण्डो की नीलामी ( ई - निविदा) आमंत्रण सूचना !!**

नगर पालिका परिषद् मंदसौर के स्वामित्व की भूमि पर योजना क्रमांक तीन मेघदुत नगर मे MIG व LIG भूखण्डो का आवंटन, निर्धारित शर्तों एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अंतरण) नियम 2016 के नियमों व संशोधित नियम 04 मई 2021 अनुसार निम्न तालिका मे वर्णित संपत्तियों के विक्रय हेतु ऑनलाईन पद्धति से www.mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा भूखण्ड के सामने अंकित ई-निविदा आईडी. अनुसार पृथक-पृथक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | भूखण्ड क्रमांक | भूखण्ड का आरक्षण | भूखण्ड का आकार (वर्ग मी. में) अनुमानित | भूखण्ड की प्रस्थित प्रीमियम रूपये | भूखण्ड की अग्रिम अमानत राशि रूपये | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम आमंत्रण | | | | | | | |
| 01 | 2026_UAD_486078_1 | MIG-120 | अनारक्षित | 09.00×15.00 | 16,00,000/- | 4,00,000/- | 2,000/- |
| 02 | 2026_UAD_486093_1 | MIG-125 | अनारक्षित | 09.00×15.00 | 16,00,000/- | 4,00,000/- | 2,000/- |
| 03 | 2026_UAD_486095_1 | MIG-195 | अनारक्षित | 09.00×15.00 | 16,00,000/- | 4,00,000/- | 2,000/- |
| 04 | 2026_UAD_486099_1 | MIG-199 | अनारक्षित | 09.00×15.00 | 16,00,000/- | 4,00,000/- | 2,000/- |
| 05 | 2026_UAD_486109_1 | MIG-224 | अनुसूचित जाति | 09.00×15.00 | 16,00,000/- | 4,00,000/- | 2,000/- |
| 06 | 2026_UAD_486026_1 | MIG-306 | अनारक्षित | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 07 | 2026_UAD_486027_1 | MIG-308 | अनारक्षित | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 08 | 2026_UAD_486029_1 | MIG-324 | अनारक्षित | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 09 | 2026_UAD_486030_1 | MIG-326 | अनुसूचित जाति | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 10 | 2026_UAD_486031_1 | MIG-327 | अनुसूचित जाति | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 11 | 2026_UAD_486032_1 | MIG-330 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 12 | 2026_UAD_486035_1 | MIG-348 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 13 | 2026_UAD_486040_1 | MIG-376 | अनारक्षित महिला | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 14 | 2026_UAD_486044_1 | MIG-380 | अनारक्षित | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 15 | 2026_UAD_486048_1 | MIG-381 | अनारक्षित | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 16 | 2026_UAD_486052_1 | MIG-399 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 17 | 2026_UAD_486059_1 | MIG-401 | अनारक्षित | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 18 | 2026_UAD_486064_1 | MIG-414 | अनारक्षित महिला | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 19 | 2026_UAD_486067_1 | MIG-417 | अनुसूचित जाति | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |
| 20 | 2026_UAD_486070_1 | MIG-424 | अनुसूचित जाति | 07.50×12.00 | 08,20,000/- | 2,05,000/- | 2,000/- |

शर्ते :-

1. ऑनलाईन भूखण्ड नीलामी ई- निविदा प्रकाशन दिनांक 27/02/2026 से ऑनलाईन वेबपोर्टल www.mptenders.gov.in. पर देखी जाकर बीड प्रस्तुत की जा सकती है।
2. भूखण्ड नीलामी हेतु विस्तृत शर्त / नियम ऑनलाईन वेबपोर्टल www.mptenders.gov.in तथा कार्यालयीन समय मे अवकाश के दिनों को छोड़कर नगर पालिका परिषद्, मंदसौर की विकास शाखा में देखी जा सकती है।
3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर किया जावेगा। पृथक से समचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।
4. टेडर से संबधित जानकारी के लिए अर्जुन बामनियाँ 9752268729 से सम्पर्क करे।

**श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मंदसौर

**श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला**
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मंदसौर

**(श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार)**
सभापति, राजस्व एवं बाजार समिति
नगर पालिका परिषद मंदसौर

**(पी. के. सुमन)**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मंदसौर



**सार्वजनिक सूचना**

सार्वजनिक रूप से सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि: मैं, श्रीमती समता सुनील कुमार पोल, पत्नी स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पोल, आयु 58 वर्ष, निवासी मकान नंबर 02/01, ओझा कॉलोनी, पाल्या रोड, नागदा, पिन-456335, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश (म.प्र.); मैं, श्री निखिल पोल, पुत्र स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पोल, आयु 36 वर्ष, निवासी मकान नंबर 02/01, ओझा कॉलोनी, पाल्या रोड, नागदा, पिन-456335, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश (म.प्र.), तथा; मैं, श्रीमती छवि चौहान, पत्नी श्री संदीप सिंह चौहान एवं पुत्री स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पोल (विवाह पूर्व नामः कु. छवि पोल), आयु 40 वर्ष, निवासी 73/1 रामसहाय मार्ग, नागदा, पिन-456335, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश (म.प्र.), यह सामूहिक रूप से घोषणा करते हैं कि हम स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पोल के एकमात्र जीवित वैधानिक उत्तराधिकारी हैं, जिनका निधन 20 अप्रैल 2020 को इंदौर में हुआ। स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पोल के पिता, स्वर्गीय श्री दत्तात्रेय राव पोल का निधन 10 मार्च 2011 को तथा उनकी माता, स्वर्गीय श्रीमती कांता देवी पोल का निधन 10 अगस्त 2022 को हो चुका है। स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पोल, Thai Rayon Public Ltd. Co., 36 Moo 2, आयुत्थाया-अंगथोंग हाईवे, T. Posa, A. Muang, Ang Thong, 14000, थाईलैंड में 23 दिसंबर 2000 से 29 जुलाई 2019 तक सहायक अधीक्षक (Assistant Superintendent) के पद पर कार्यरत थे। उनकी उक्त सेवा के संबंध में, लागू संविदात्मक व्यवस्थाओं के अंतर्गत Thai Rayon Public Ltd. Co. द्वारा उन्हें कुछ देय राशियाँ भुगतान की जानी हैं, जिनका सामूहिक रूप से उल्लेख आगे 'उक्त देयक' के रूप में किया गया है।स्वर्गीय श्री सुनील कुमार पोल के निधन के कारण, उक्त देयक उनकी प्रतिनिधि एवं एकमात्र जीवित वैधानिक उत्तराधिकारी होने के नाते श्रीमती समता सुनील कुमार पोल, श्री निखिल पोल एवं श्रीमती छवि चौहान को देय होंगे। उपरोक्त नामित वैधानिक उत्तराधिकारियों के अतिरिक्त यदि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त देयक या उसके किसी भाग पर कोई दावा या दावे हों, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर अपने दावे लिखित रूप में मानव संसाधन विभाग, ध्यानार्थः विभागाध्यक्ष - मानव संसाधन, Thai Rayon Public Ltd. Co., 36 Moo 2, आयुत्थाया-अंगथोंग हाईवे, T. Posa, A. Muang, Ang Thong, 14000, थाईलैंड के पते पर अथवा BCOE-Rewards of Pulp & Fibre को, तथा उसकी प्रति जनरल काउंसल, 3-A, आदित्य बिड़ला सेंटर, सुदाम कालू अहिरे मार्ग, हनुमान नगर, वर्ली, मुंबई, महाराष्ट्र-400030 को भेजें, या ई-मेल द्वारा vsf-business.hr@adityabirla.com प्रेषित करें। पर निर्धारित अवधि में ऐसा न किए जाने की स्थिति में, उक्त देयक बिना किसी अन्य दावे पर विचार किए, श्रीमती समता सुनील कुमार पोल, श्री निखिल पोल एवं श्रीमती छवि चौहान के नाम स्थानांतरित कर दिए जाएंगे, तथा ऐसे किसी भी दावे को परित्यक्त/त्याग किया हुआ माना जाएगा।

स्थानः मध्य प्रदेश दिनांकः 28.02.2026

**हर्षद शर्मा (एडवोकेट)**
निवास एवं कार्यालय-1, अमलावदिया रोड, फॉर्च्यून मॉल के पास, वारको सिटी के सामने, नागदा जं. जिला उज्जैन मो. 9555056892



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, इन्दौर**

eepwd1ind@mp.nic.in / ph.no.0731-2490978

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 77 / व.ले. लि / 2025-26/ इन्दौर दिनांक 24.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देख जा सकता है।

| स.क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_484678_1 | चेयरमैन बी / डब्ल्यू नंबर 12 एमपीपीएससी इंदौर में अतिरिक्त कमरे का निर्माण (डिपॉजिट वर्क) | 5.35 | 10700.00 | 2000.00 | 90 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_484679_1 | डेंटल कॉलेज इंदौर में कंपाउंड वॉल का निर्माण और नवीनीकरण (डिपॉजिट वर्क) | 14.36 | 28720.00 | 2000.00 | 90 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2026_PWDRB_484680_1 | बंगला नंबर बी-5 रेडियो कॉलोनी इंदौर में नवीनीकरण कार्य, बाउंड्री वॉल का निर्माण और ग्रीन शीट का पी/एफ कार्य | 14.70 | 29400.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2026_PWDRB_484681_1 | एआर, एसआर, एमओडब्ल्यू वर्क वीवीआईपी बंगलो रेसीडेंसी एरिया इंदौर | 19.20 | 38400.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2026_PWDRB_484682_1 | एआर, एसआर, एमओडब्ल्यू वर्क पीली कोठी इंदौर | 19.70 | 39400.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2026_PWDRB_484683_1 | एआर, एसआर, एमओडब्ल्यू वर्क सूरज कोठी इंदौर | 19.60 | 39200.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 7 | 2026_PWDRB_484684_1 | एआर, एसआर, एमओडब्ल्यू वर्क 'आई' टाइप क्वार्टर रेसीडेंसी एरिया इंदौर | 19.00 | 38000.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2026_PWDRB_484685_1 | एआर, एसआर, एमओडब्ल्यू वर्क 'एफ' और उससे नीचे श्रेणी के क्वार्टर रेसीडेंसी क्षेत्र इंदौर | 19.30 | 38600.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 9 | 2026_PWDRB_484686_1 | मुख्यालय उप संभाग क्रमांक 2 इंदौर के अंतर्गत वीवीआईपी विजिट बैरिकेड कार्य, ग्रीन रूम कार्य, टेंट कार्य व्यवस्था आदि कार्य | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| 10 | 2026_PWDRB_484687_1 | वीआईपी / वीवीआईपी दौरे के लिए टेम्परारी हेलीपैड और बैरिकेडिंग ट्रांसपोर्टेशन तथा टेंट लगाने का कार्य, उपसंभाग डॉ. आंबेडकर नगर महू | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 240 दिवस वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 170.66 | | | |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिडडॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुत कर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण 3. चेकलिस्ट 4. एफिडेविट 5. पीडब्ल्यूडी पंजीकरण 6. जीएसटी 7. पैन कार्ड 8. एनेक्चर एच विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 25.02.2026 10:00 से दिनांक 09.03.2026 18:00 बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एंव अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधन समाचारपत्रों में प्रकाशन नहीं किया जा कर सिर्फ वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा,

'एनेक्चर बी एफिडेविट (नॉन ज्यूडिशियल स्टाम 200/-)

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. लो.नि.वि. संभाग क्र. इन्दौर

G26561/25